सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

अधिसूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 20—04—2026 के बिन्दु संख्या—12 में लिये गये निर्णय के अनुपालन में सत्र 2025—26 से पूर्व के छात्रों की समस्त पाठ्यक्रमों की छूटी हुई प्रायोगिक परीक्षा हेतु एक अवसर प्रदान करते हुए विशेष छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु प्रत्येक छात्र को रु0 2500/— अर्थदण्ड के साथ—साथ निर्धारित शुल्क रु0 2500/— प्रति प्रयोगात्मक परीक्षा आवेदन हेतु कुल रु0 5000.00 (रु0 पांच हजार मात्र) के साथ अनुमति प्रदान की गई है। तदक्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत संचालित सत्र 2025—26 से पूर्व के छात्रों की स्नातक/परास्नातक विषम सेमेस्टर की विशेष छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के साथ ही साथ विषम सेमेस्टर परीक्षा—2025—26 की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार ऑनलाइन पूरित आवेदन के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत संचालित सत्र 2025—26 से पूर्व के छात्रों की समस्त पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर की विशेष छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के साथ ही साथ विषम सेमेस्टर परीक्षा—2025—26 की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 20—05—2026 से 28—05—2026 तक सम्पन्न कराया जाना है।

उक्त निर्धारित अवधि के अन्दर विषम सेमेस्टर की विशेष छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के साथ ही साथ विषम सेमेस्टर परीक्षा—2025—26 की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंकों को उसी दिन ऑनलाइन पूरित कराते हुए तीन कार्य दिवस के भीतर अंक—पत्र की हार्डकापी गोपनीय अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— 5629/प0सा0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 19—05—2026

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिष्ठाता, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. विभागाध्यक्ष/समस्त प्रभारी (परिसर), सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0, सि0।
6. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक